प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 07.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

.......................

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा – प्रदेश को साढे तीन सौ बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए मजबूत कदम उठाए जा रहे हैं।
- राज्य में नए आपराधिक कानूनों के कियान्वयन और प्रचार प्रसार के संबंध में मुख्यमंत्री ने गृह विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की।
- सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के उर्स में आज मुख्यमंत्री की ओर से चादर पेश की जाएगी।
- प्रदेश में सर्दी का असर फिर तेज–शीतलहर के मद्देनजर कई जिलों में स्कूलों में अवकाश बढाया गया।

.......................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश को साढे तीन सौ बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए मजबूत कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े उद्योगों के साथ–साथ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। श्री शर्मा कल अपने आवास पर राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए एमओयू के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को एमओयू को धरातल पर उतारने के काम समय पर करने और नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने उद्योग और वाणिज्य विभाग को मुख्यमंत्री कार्यालय को हर महीने 11 और 26 तारीख को क्रियान्वयन की प्रगति रिपोर्ट भेजने को कहा। मुख्यमंत्री ने जिला प्रभारी सचिव और जिला कलक्टर्स को निवेशकों से संवाद बनाये रखने और एमओयू की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित विभिन्न विभागों के शासन सचिव मौजूद रहे।

.......................

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि देश में ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस–एचएमपीवी के कुछ मामले सामने आए हैं, लेकिन इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। श्री खींवसर ने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से कल इस वायरस के संबंध में सभी राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट किया गया है कि यह वायरस घातक नहीं है। अब तक इस वायरस से मौत का कोई भी मामला सामने नहीं आया है।

.......................

इस बीच सर्दी और मौसमी बीमारियों को देखते हुए चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है। इसमें कोविड, स्वाइन फ्लू और इन्फ्लुएंजा से संक्रमित मरीजों के लिए अलग से ओपीडी और आईपीडी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही कोविड के मामले मिलने पर उनके सैंपल की जीनोम सीक्वेंसिंग करवाने को भी कहा गया है।

.......................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राज्य में नये आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन और प्रचार–प्रसार के संबंध में गृह विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन को इनकी जानकारी देने के लिए राज्य सरकार कई कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य की 11 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं के माध्यम से नए कानूनों की जानकारी दी गई है। साथ ही, प्रदेश में महिला और बाल सुरक्षा संबंधी प्रावधानों के बारे में पुस्तकें तैयार करवाकर वितरित की गई है। राजस्थान पुलिस की एप्लीकेशन में भी नए कानूनों के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई

गई है। सोशल मीडिया, पंपलेट और पोस्टर के माध्यम से इनका व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। श्री शर्मा ने नए कानूनों के बारे में पुलिस के अनुसंधान अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के साथ ही उन्हें स्व अध्ययन के लिए बुकलेट भी वितरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के उच्च माध्यमिक विद्यालयों और महाविद्यालयों में नए कानूनों के संबंध में सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन कराने को भी कहा।

......................

वंदे भारत स्लीपर रैक का कोटा रेल मंडल पर ट्रायल किया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस स्लीपर रैक के सफल ट्रायल के बाद लम्बी दूरी के यात्रियों को तेज, सुरक्षित और विश्वस्तरीय यात्रा का अनुभव मिल सकेगा।

......................

अजमेर में चल रहे सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 813वें उर्स में आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से चादर पेश की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कल मुख्यमंत्री निवास पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती को चादर सौंपी। श्री मेवाती आज दोपहर में चादर पेश करेंगे और बुलन्द दरवाजे से मुख्यमंत्री का संदेश पढ़ेंगे। अब तक उर्स के दौरान प्रधानमंत्र सहित कई हस्तियों की ओर से चादर पेश की जा चुकी है।

......................

इस बीच आज उर्स में छठी के कुल की रस्म अदा की जायेगी। उर्स का चांद दिखने के साथ शुरू हुई महफिल बंद हो जायेगी और दरगाह का आस्ताना सामान्य दिनों की तरह रात दस बजे बाद से बंद रहेगा।

......................

जम्मू कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सड़क दुर्घटना में वीरगति को प्राप्त हुए नागौर जिले की जायल तहसील के गांव राजोद निवासी हरिराम रेवाड का कल सेन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सेना के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। उधर बहरोड़ क्षेत्र के रिवाली गांव निवासी लान्स नायक नितिश कुमार की भी सेन्य सम्मान से अन्त्येष्टी की गई।
गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम भी उन्हें श्रद्धाजंलि देने पंहुचे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में राज्य सरकार शहीद के परिजनों की हरसंभव मदद के लिए तैयार है।

......................

प्रदेश में सर्दी का असर एक बार फिर बढ गया है। न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। नीमकाथाना में ठण्डी हवाये चलने से गलन और ठिठुरन बढ गई है। अजमेर में लोग सर्दी से बचने के उपाय करते नजर आ रहे है। सवाईमाधोपुर में तेज ठण्ड से जनजीवन प्रभावित है। कई स्थानों पर आज भी घना कोहरा छाया हुआ है। नागौर में घनी धुंध से दृश्यता काफी कम हो गई है। चूरू और करौली में घने कोहरे से वाहन चालको को परेशानी का सामना करना पड रहा है। दौसा से हमारे संवाददाता ने बताया कि सड़क के साथ–साथ रेल यातायात भी कोहरे से प्रभावित है।

......................

इस बीच सर्दी और शीतलहर की स्थिति को देखते हुए कई जिलों में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों का अवकाश बढा दिया गया है। राजधानी जयपुर और भीलवाडा में सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में आज और कल की छुट्टी घोषित की गई है। बारां में 9 जनवरी तक का अवकाश रखा गया है। कोटपूतली–बहरोड़ श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, झालावाड़ तथा सवाईमाधोपुर में 11 जनवरी तक अवकाश रहेगा।

......................